अश्विनी वैष्णव
Ashwini Vaishnaw

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और
सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
भारत सरकार
Minister of Railways
Communications & Electronics and
Information Technology
Government of India

सत्यमेव जयते

75 Azadi Ka Amrit Mahotsav

हिंदी दिवस संदेश - 14 सितंबर 2022

प्रिय साथियों!

हिंदी दिवस के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ।

किसी भी देश के समग्र विकास में मातृभाषा का बहुत योगदान होता है। हमारा देश बहुभाषी देश है जहां अनेक विकसित एवं समृद्ध भाषाएँ हैं। हिंदी भाषा इन सभी भाषाओं के बीच सम्पर्क की भूमिका निभा रही है।

अमृत काल की राह पर चल रहे देश के कोटि-कोटि नागरिकों के असंख्य प्रयासों को और अधिक ऊर्जा देते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इस स्वतंत्रता दिवस, लाल किले की प्राचीर से अमृत काल के पंच प्रण का उद्घोष किया है।

- पहला प्रण है कि अब हर भारतीय को बड़े संकल्प लेकर ही आगे चलना होगा।
- दूसरा प्रण है कि हमारे मन के भीतर गुलामी के एक भी अंश को बचने नहीं देना है।
- तीसरा प्रण विशाल भारतीय संस्कृति और विरासत पर गर्व करने का है।
- चौथा प्रण है एकता और एकजुटता की शक्ति के साथ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का निर्माण।
- पाँचवा प्रण देश का प्रत्येक नागरिक से अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण का है।

आइए इस हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर समस्त रेल परिवार यह संकल्प ले कि हम पूरे उत्साह, लगन और गर्व के साथ हिंदी में कार्य करेंगे और पंच प्रण को ईमानदारी से निभाएँगे।

हम सब का अभिमान है हिंदी, भारत देश की शान है हिंदी।

जय हिंद

अश्विनी वैष्णव

Room No : 341, Rail Bhawan, Raisina Road, New Delhi-110001
Tel. : +91-11-23386645, 23381213 Fax : +91-11-23387333